| कोड - 009 |
|---|

# मॉडल परीक्षा 2017-18

कक्षा- दसवीं | विषय - हिन्दी

समय - 3.00 घंटे | CGboardonline.com | पूर्णांक - 75

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 16 से 17 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है

प्रश्न क्र. 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक में 8 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए । CGboardonline.com

(1) 'मुरेठा' शब्द का अर्थ है ।

(अ) गमछा (ब) पगड़ी

(स) धोती (द) साड़ी

(2) मधुलिका पुत्री थी ।

(अ) कोशल नरेश की (ब) सिंहमित्र की

(स) अरुण (द) मगध नरेश

(3) मरिया- प्रथा से क्या आशय है ।

(अ) मृत्यु भोज (ब) बलिदान देना

(स) मोक्ष मिलना (द) मेल-मिलाप

(4) घीसा की झोपड़ी किस नदी के किनारे थी ।

(अ) गोदावरी (ब) नर्मदा

(स) गंगा (द) यमुना

(5) नर्मदा कुंड से लगभग छः कि.मी. दूर किस ऋषि की तपोभूमि है।

(अ) अगस्त्य ऋषि (ब) कपिल ऋषि

(स) दुर्वासा ऋषि (द) वाल्मिकी ऋषि

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । CGboardonline.com

(1) वीर नारायण सिंह ----------- के जमींदार थे ।

(2) झरना हमें निरंतर ----------- रहने की प्रेरणा देता है ।

(3) हरिशंकर परसाई ने बीमारी ----------- को कहा है ।

CGboardonline.com

(4) संसार के उत्कर्ष में ----------- का हाथ है ।

(5) 'कन्यादान' पाठ से ----------- की सीख मिलती है ।

(स) उचित संबंध जोड़िए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | सुग्घर | - | सूखा पेड़ |
| (2) | ठूंठ | - | सुभद्रा कुमारी चौहान |
| (3) | साध | - | मध्यकालीन काव्य |
| (4) | मीराबाई | - | 19 मात्रा |
| (5) | बरवै छन्द | - | सुंदर |

प्रश्न 2. कवि ने कस्तूरी मृग का उल्लेख किस सन्दर्भ में किया है ?

प्रश्न 3. जगत का सबसे विराट जनतंत्र किसे कहा गया है ?

प्रश्न 4. माटीवाली का कंटर किस प्रकार का था? CGboardonline.com

प्रश्न 5. कवि चिड़ियों को बुलाने के लिए क्या-क्या करता है ?

प्रश्न 6. रीतिकाल के दो प्रमुख कवि एवं उनकी रचनाओं के नाम लिखिए ।

प्रश्न 7. लड़की को दान देते वक्त मां को अंतिम पूंजी देने जैसा दु:ख क्यों हो रहा है?

प्रश्न 8. वीर नारायण सिंह के चरित्र की तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 9. लेखक बनने के लिए शरत बाबू के क्या-क्या सुझाव थे ?

प्रश्न 10. निर्गुण भक्तिधारा को समझाते हुए इसकी विशेषताएं, विभाजन व प्रमुख कवि के नाम लिखिए ।

प्रश्न 11. "अमरकंटक ने नर्मदा को जन्म देकर भारत को वरदान दिया है । ऐसा क्यों कहा गया है?

अथवा

प्रेम की प्रिय भूमि को अधिक उपजाऊ क्यों बनाया गया है ?

प्रश्न 12. पठित गद्यांश से दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"रोम का वह कोलोसियम, मैंने अपने हाथों खड़ा किया जैसे कभी एथेन्स में अरीना का निर्माण किया था जहां मेरे से गरीबों को श्रीमानों की दृष्टि सुख के लिए शेरों से लड़ना होता था । वैसे ही स्पेन के वे खूनी अखाड़े भी जहां लड़कों को सांडों से मौत की बाजी लगानी होती थी । CGboardonline.com

प्रश्न
(1) रोम की क्या विशेषता है ?
(2) एथेन्स में अरीना का निर्माण किसने किया ?
(3) लड़कों को सांड से लड़ाई कहां कराई जाती थी ?
(4) शेरों से किसे लड़ना पड़ता था ?

अथवा

"कंधे डाल दूं तो गजब हो जाए, दुनिया लड़खड़ा कर गिर पड़े, जमानों का दौर बंद हो

CGboardonline.com

जाए। पर मैं कंधे नहीं डालता, न डालूंगा। मैंने निरंतर निर्माण किया है, विध्वंस न करूंगा। यदि करना हुआ तो पुनिर्माण करूंगा जिसके लिए मुझे थकान नहीं महसूस होती, कभी अलकस नहीं लगती, रोआँ-रोआँ फड़कता रहता है।"

प्रश्न (1) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(2) विलोम शब्द लिखिए।

(अ) निर्माण (ब) बंद

(3) गद्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 13. 'मरिया प्रथा ने सिकुमार की जिंदगी को किस तरह बदल दिया ?

अथवा

"काबर अगास ला नापत है।" पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं ?

प्रश्न 14. "जीवन का झरना" कविता में मानव का मृत हो जाना क्यों और कब बताया गया है ?

अथवा

"एक था पेड़ एक था ठूंठ" पाठ के शीषक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 15. पठित पद्यांश से दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

पग घुंघरु बांध मीरा नाची रे। CGboardonline.com
मैं तो मेरे नारायण की आपहि हो गई दासी रे।
लोग कहै मीरा भई बावरि न्यात कहै कुलनासी
विष का प्याला राणा जी भेज्या पीवत मीरा हाँसी रे।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर सहज मिले अविनासी रे।

प्रश्न (1) मीरा किस तरह नाचती है ?

(2) मीरा किसकी दासी अपने आप हो गई है ?

(3) मीरा को कुल का नाश करने वाली कौन कहता है ?

(4) राणा जी ने मीरा के लिए क्या भेजा और क्यों ?

अथवा

अजहूं न निकसे दान कठोर
दरसन बिना बहुत दिन बीते, सुंदर प्रीतम मोर
चारि पहर चारो जुग बीते रैनि गंवाई भोर
अवधि गई अजहूं नहिं आए कतहूं रहे चित चोर
कबहूं नैन निराखि नहिं देखे मारग चितवन के
दादू ऐसे आतुर बिरहिनि जैसे चंद चकोर CGboardonline.com

प्रश्न (1) प्रस्तुत गद्यांश के कवि एवं पाठ का नाम लिखिए।

(2) शब्दार्थ लिखिए :- (अ) बिरहिन (ब) चितवन

(3) गद्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 16. शुल्क मुक्ति हतु अपने प्राचार्य को एक पत्र लिखिए।

अथवा CGboardonline.com

अपने क्षेत्र में पानी की समस्या का वर्णन करते हुए किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखो।

प्रश्न 17. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

साहित्य का मानव जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इसका प्रमुख कारण है कि साहित्य के अंदर मानव जीवन ही प्रतिबिंबित रहता है। साहित्य ज्ञानराशि के संचित कोश का नाम है। साहित्य मानव क ज्ञान का भंडार है। साहित्य के रसास्वाद मं मस्तिष्क का पोषण होता है। विकृत साहित्य मस्तिष्क को दूषित बना देता है। मस्तिष्क को स्वस्थ और क्रियाशील रखने के लिए साहित्य का अध्ययन आवश्यक है ?

प्रश्न (1) साहित्य किसे कहते हैं ? CGboardonline.com

(2) साहित्य के अंदर क्या प्रतिबिंबित होता है?

(3) साहित्य के रसास्वादन से क्या होता है ?

(4) विकृत साहित्य क्या करता है?

(5) साहित्य का कार्य क्या है ?

प्रश्न 18. निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

(1) स्वच्छता का महत्व

(2) जीवन में खेलों का महत्व

(3) महँगाई की समस्या

(4) वन-सरंक्षण

(5) छत्तीसगढ़ में बढ़ता नक्सलवाद

---00--

CGboardonline.com